पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 9 फ़रवरी 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप ने आईसीएचआर-जेआरएफ से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए दिया ज्ञापन।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (ICHR) के अध्यक्ष को ज्ञापन देकर अध्येतावृत्ति (फेलोशिप) की धनराशि बढ़ाने, समय से अध्येतावृत्ति जारी करने, अध्येतावृत्ति धनराशि के साथ तीन वर्ष की समय-सीमा देने तथा अध्येतावृत्ति के साथ आवासीय भत्ता (HRA) देने आदि माँगे रखी हैं।

उल्लेखनीय है कि आईसीएचआर के अन्तर्गत जेआरएफ की राशि अभी प्रतिमाह 17,600 रूपए ही है जो कि यूजीसी-जेआरएफ के अन्तर्गत मिलने वाली अध्येतावृत्ति 37000 की तुलना में बहुत कम है। साथ ही आईसीएचआर जेआरएफ केवल 2 वर्ष के लिए ही मिलता है, व अध्येतावृत्ति 6 महीने के अन्तराल पर जारी होती है, इस कारण भी शोधार्थियों को समस्याएं आ रही हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद की अध्येतावृत्ति पा रहे शोधार्थियों की समस्याओं के संदर्भ में अभाविप माँग करती है कि शीघ्र कार्रवाई हो। शोधार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास होने चाहिए। आईसीएचआर को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न सुधार शीघ्र करने होंगे।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गयी है।)